# न्यायालय सहायक कलक्टर, डीडवाना

## कोर्ट केम्प ग्राम पंचायत मामडोदा

पीठासीन अधिकारी:– श्री उत्तमसिंह शेखावत, R.A.S.

राजस्व वाद संख्या: 2010/151 दायरा दिनांक 03.12.2010

| वादी | | प्रतिवादीगण |
|---|---|---|
| 1. रतनगिरी पुत्र पुरखागिरी जाति गोस्वामी निवासी :– ढडेल (शिवनगरी) तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान। | बनाम् | 1. गुमानगिरी पुत्र भोपाल गिरी<br>2. मानगिरी पुत्र भोपाल गिरी<br>3. प्रेमगिरी पुत्र भोपाल गिरी<br>4. ओंकारगिरी पुत्र पुरखागिरी<br>5. हनुमानगिरी पुत्र पुरखागिरी<br>समस्त जाति गोस्वामी निवासी :– ढडेल (शिवनगरी) तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान।<br>6. तहसीलदार, डीडवाना<br>7. भैरुगिरी पुत्र पुरखागिरी<br>8. राजूगिरी पुत्र पुरखागिरी<br>9. महावीरगिरी पुत्र पुरखागिरी<br>10. गोपालगिरी पुत्र पुरखागिरी<br>समस्त जाति गोस्वामी निवासी :– ढडेल (शिवनगरी) तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान। |

दावा बाबत्
घोषणा खातेदारी बन्टवारा व रेकर्ड दुरुस्ती

उपस्थित–

1. वादी उपस्थित ।
2. प्रतिवादीगण 02 ता 03 उपस्थित।

–:: निर्णय ::–

दिनांक 16.06.2017

वाद के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है किं वादी व प्रतिवादी संख्या 01 ता 05 एक ही गॉव ढडेल (शिवनगरी) के स्थाई निवासी है।जो सभी खेतीहर मजदुर व्यक्ति है।प्रतिवादी संख्या 06 राज्य सरकार के प्रतिनिधी है।जिसका कार्यालय डीडवाना में अवस्थित है।वादी एवमं प्रतिवादी संख्या 01 ता 05 एक ही परिवार एवमं वंश के है।

चौमू के काकड में स्थित पैत्रिक सम्पति के खेत ख. न. 98 रकबा 53 बीघा 08 बिस्वा एवम् ख. न. 251/161 रकबा 07 बीघा 10 बिस्वा कुल रकबा 60 बीघा 18 बिस्वा की खातेदारी वर्तमान में राजस्व रेकर्ड में प्रतिवादी संख्या 01 ता 03 के नाम दर्ज है।जिसकी नकल खतौनी सम्वत 2066 से 2069 की संलग्न है।

सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

Scanned by CamScanner

उक्त खेतो की खातेदारी व अन्य खेत जो वादी एवम् प्रतिवादीगण के चौमु ढडेल, सिंवा की कांकड में स्थित है कि पैत्रिक खातेदारी पुर्व में वादी एवम् प्रतिवादीगण के दादा शेरगिरी पितागण भोपालगिरी खेमगिरी के जाकीरी समय से नाम दर्ज थी शेरगिरी के देहान्त के पश्चात उक्त खेतों की खातेदारी केवल मात्र भापालगिरी व खेमगिरी के नाम दर्ज हुई राजस्व अधिकारियों की गलती की वजह से वादी व प्रतिवादी संख्या 04, 05 के पिता स्व. पुरखागिरी का नाम राजस्व रेकर्ड दर्ज होने से रह गया, जबकि मौके पर शेरगिरी के जीवनकाल में भोपालगिरी, पुरखागिरी, व खेमगिरी, ने मौके पर 1/3–1/3 हिस्सानुसार मौखिक बंन्टवारा कर अपने–अपने हिस्से की भूमि पर कबजा काश्त थे।तथा पुरखागिरी के देहान्त के पश्चात उनके हिस्से की भूमि पर उनके पुत्रगण वादी एवम् प्रतिवादी संख्या 04 ता 05 काबिज काश्त है।तथा इस वर्ष वर्षात होने पर उन्होंनें अपने–अपने हिस्से की भूमि पर काश्त की है।वादी व प्रतिवादीगण संख्या 01 ता 05 के बंट व हिस्से की भूमि मय नजरी नक्शा के निम्न प्रकार से है।जो मौके पर अपनी सुविधा अनुसार कम ज्यादा भूमि पर काबिज है।उसी अनुसार बन्ट व काबिज–काश्त उनके हक में रहेगी, जिसका नजरी नक्शा भी साथ में संलग्न है जो दावे का ही भाग है।

**वादी के बन्ट की भूमि :–**

ख. न. 98 रकबा 53 बीघा 08 बिस्वा में से 10 बीघा भूमि पश्चिमी तरफ की उत्तर–दक्षिण औकारगिरी के हिस्से के चिपते ही मौखिक बन्टवारे के अनुसार बन्ट में आई हुई है, जो उसी के बन्ट व कब्जे काश्त में रहेगी।

**प्रतिवादी संख्या 04 औकारगिरी के बन्ट की भूमि :–**

ख. न. 98 रकबा 53 बीघा 08 बिस्वा में से 05 बीघा भूमि पश्चिमी तरफ की उत्तर–दक्षिण रतनगिरी, हनुमानगिरी के चिपते चिपते ही मौखिक बन्टवारे के अनुसार बन्ट में आई हुई है, जो उसी के बन्ट व कब्जे काश्त में रहेगी।

**प्रतिवादी संख्या 05 हनुमानगिरी के बन्ट की भूमि :–**

ख. न. 98 रकबा 53 बीघा 08 बिस्वा में से 04 बीघा भूमि पश्चिमी तरफ की उत्तर–दक्षिण औकारगिरी के चिपते चिपते ही मौखिक बन्टवारे के अनुसार बन्ट में आई हुई है, जो उसी के बन्ट व कब्जे काश्त में रहेगी।

**प्रतिवादी सं. 01 ता 03 गुमानगिरी मानगिरी, प्रेमगिरी के बन्ट की भूमि :–**

ख. न. 98 रकबा 53 बीघा 08 बिस्वा में से शेष भूमि 34 बीघा 08 बिस्वा भूमि पुर्वी तरफ की उत्तर–दक्षिण पश्चिम की तरफ हनुमानगिरी, औकारगिरी, व रतनगिरी के चिपते चिपते ही तथा खसरा नम्बर 251/161 रकबा 07 बीघा 10 बिस्वा सम्पुर्ण भूमि भी मौखिक बन्टवारे के अनुसार बन्ट में आई हुई है, जो उसी के बन्ट व कब्जे काश्त में संयुक्त रूप से रहेगी।

सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

Scanned by CamScanner

वादी एवम् प्रतिवादी संख्या 04, 05, अपनी सुविधा अनुसार वर्षो से मौके पर ख. न. 98 रकबा 53 बीघा 08 बिस्वा भूमि पर मौखिक बन्टवारे के अनुसार काबिज काश्त है।मगर पिछले वर्ष 2009 में अकाल पडने के कारण उसका इस वर्ष मुआवजा केवल मात्र खातेदार गुमानगिरी, मानगिरी, व प्रेमगिरी को मिलने के कारण व नकल खतौनी दिनाकं 30.11. 2010 को लेने पर उनको तमाम तथ्यो की जानकारी होने पर उनके द्वारा उक्त दावा बाबत घोषणा खातेदारी, बन्टवारा व रेकर्ड दुरूस्ती का पेश करना श्रीमान के न्यायालय में आवश्यक हुआ है।

प्रार्थना वादी है कि

चौमू के काकड में स्थित खेत ख. न. 98 रकबा 53 बीघा 08 बिस्वा एवम् ख. न. 251/161 रकबा 07 बीघा 10 बिस्वा खेत ख. न. 154 रकबा 02 बीघा 03 बिस्वा का बन्टवारा वादी एवम् प्रतिवादीगण के बीच मौखिक बन्टवारा के अनुसार बाई मिटस एण्ड बाउण्डस के किया जाकर संलग्न नजरी नक्शे के अनुसार उसी अनुरूप उक्त बन्ट की भूमि (वादी एवम् प्रतिवादी संख्या 04, 05,)की खातेदारी अलग–अलग वादी एवम् प्रतिवादी संख्या 04, 05 के हक में घोषित की जाकर उनका नाम राजस्व रेकर्ड में दर्ज करने हेतु तहसीलदार डीडवानावा को तहरीर जारी फरमावे।

मौखिक बन्टवारा के अनुसार एवम् संलग्न नजरी नक्शे के अनुसार शेष भूमि ख. न. 98 रकबा 53 बीघा 08 बिस्वा में से 34 बीघा 08 बिस्वा व ख. न. 251/161 रकबा 07 बीघा 10 बिस्वा प्रतिवादी संख्या 01 ता 03 की संयुक्त खातेदारी में रहेगी, उसी अनुरूप राजस्व रेकर्ड दुरूस्त किया जावें।

वदीगण का वाद दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रतिवादीगण संख्या 01 ता 05 को वास्ते जवाबदेही न्यायालय में हाजिर होने बाबत् जरिये सम्मन तलब किया गया।

दिनाकं 20.01.2011 को वादी व प्रतिवादी संख्या 01 व 05 ने राजीनामा पेश किया जो बाद तस्दीक सामिल मिसल किया तथा प्रतिवादी संख्या 06 के सम्मन बाद तामिल प्राप्त हुए प्रतिवादी संख्या 06 बावजूद तामिल के अनुपस्थित रहने से एक पक्षिये कार्यवाही अमल में लाई गई।

प्रतिवादी संख्या 07 ता 10 ने दिनाकं 28.06.2012 को ईकबालिया जवाब पेश किया। जिन्होने अपना हिस्सा इन खेतो में नही होना स्वीकार किया है।

वादी व प्रतिवादीगण कोंट केम्प ग्राम पंचायत मामडोदा में उपस्थित हुय और दिनाकं 20.01.2011 के राजीनामा अनुसार दावा डिग्री किये जाने का निवेदन किया।वर्तमान स्थिति की जॉच मजमे आम में की गई।

सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

Scanned by CamScanner

वादी व मजमे आम मौतबीरान को सुना गया। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य दस्तावेजात् राजीनामा, ईकबालिया जबाब का अवलोकन किया गया व उन पर मनन् किया गया।

**आदेश**

हस्व राजीनामा दावा डिक्री सादिर कर, कि चौमू के काकड में स्थित खेत ख. न. 98 रकबा 53 बीघा 08 बिस्वा एवम् ख. न. 251/161 रकबा 07 बीघा 10 बिस्वा खेत ख. न. 154 रकबा 02 बीघा 03 बिस्वा का बन्टवारा वादी एवम् प्रतिवादीगण के बीच संलग्न नजरी नक्शे के अनुसार उसी अनुरूप उक्त बन्ट की भूमि (वादी एवम् प्रतिवादी संख्या 04, 05,)की खातेदारी अलग–अलग वादी एवम् प्रतिवादी संख्या 04, 05 के हक में घोषित की जाकर उनका नाम राजस्व रेकर्ड में दर्ज किया जाता है।तथा मौजा चौमू के काकड में स्थित खेत ख. न. 98 रकबा 53 बीघा 08 बिस्वा एवम् ख. न. 251/161 रकबा 07 बीघा 10 बिस्वा व खेत ख. न. 154 रकबा 02 बीघा 03 बिस्वा का बन्टवारा बाई मिटस एण्ड बाउण्डस के किया जाकर राजीनामा व नजरी नक्शा अनुसुची ,,क,, व वाद के संलग्न नजरी नक्शा के अनुसार वाद डिक्री किया जाता है। राजीनामा, व नजरी नक्शा अनुसुची ,,क,, व वाद के संलग्न नजरी नक्शा निर्णय व डिक्री का अभिन्न भाग रहेगा। तद्नुसार राजस्व रेकर्ड दुरस्त हो। डिक्री जारी हो।

(उत्तमसिंह शेखावत)
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना

निर्णय आज दिनांक **16.06.2017** को कोर्ट कैम्प मामडोदा में सुनाया गया।

(उत्तमसिंह शेखावत)
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना

Scanned by CamScanner

डिगरी बमुकद्दमें इब्तदाई
(आर्डर 20, रूल 6, 7 जाब्ता दीवानी)
अज अदालतः– सहायक कलक्टर, डीडवाना
**बइजलास : श्री उत्तमसिंह शेखावत, R.A.S.**

राजस्व वाद संख्याः **2010/151** दायरा दिनांक **03.12.2010**

| वादी | | प्रतिवादीगण |
|---|---|---|
| 1 रतनगिरी पुत्र पुरखागिरी जाति गोस्वामी निवासी :– ढढेल (शिवनगरी) तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान। | बनाम् | 1. गुमानगिरी पुत्र भोपाल गिरी<br>2. मानगिरी पुत्र भोपाल गिरी<br>3. प्रेमगिरी पुत्र भोपाल गिरी<br>4. ओंकारगिरी पुत्र पुरखागिरी<br>5. हनुमानगिरी पुत्र पुरखागिरी<br>समस्त जाति गोस्वामी निवासी :– ढडेल (शिवनगरी) तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान।<br>6. तहसीलदार, डीडवाना<br>7. भैरूगिरी पुत्र पुरखागिरी<br>8. राजूगिरी पुत्र पुरखागिरी<br>9. महावीरगिरी पुत्र पुरखागिरी<br>10. गोपालगिरी पुत्र पुरखागिरी<br>समस्त जाति गोस्वामी निवासी :– ढडेल (शिवनगरी) तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान। |

दावा बावत्
**घोषणा खातेदारी बन्टवारा व रेकर्ड दुरूस्ती**

**दिनांक 16.06.2017**

यह मुकद्दमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू हमारे व हाजरी मिनजानिब मुद्दई श्री वादी व श्री, प्रतिवादीगण की ओर से मद्दायलह पेश होकर हुक्म दिया जाता है कि हस्ब राजीनामा दावा डिक्री सादिर कर, कि चौमू के काकड में स्थित खेत ख. न. 98 रकबा 53 बीघा 08 बिस्वा एवम् ख. न. 251/161 रकबा 07 बीघा 10 बिस्वा खेत ख. न. 154 रकबा 02 बीघा 03 बिस्वा का बन्टवारा वादी एवम् प्रतिवादीगण के बीच संलग्न नजरी नक्शे के अनुसार उसी अनुरूप उक्त बन्ट की भूमि (वादी एवम् प्रतिवादी संख्या 04, 05,)की खातेदारी अलग–अलग वादी एवम् प्रतिवादी संख्या 04, 05 के हक में घोषित की जाकर उनका नाम राजस्व रेकर्ड में दर्ज किया जाता है।तथा मौजा चौमू के काकड में स्थित खेत ख. न. 98 रकबा 53 बीघा 08 बिस्वा एवम् ख. न. 251/161 रकबा 07 बीघा 10 बिस्वा व खेत ख. न. 154 रकबा 02 बीघा 03 बिस्वा का बन्टवारा बाई मिटस एण्ड बाउण्डस के किया जाकर राजीनामा व नजरी नक्शा अनुसुची „क„ व वाद के संलग्न नजरी नक्शा के अनुसार वाद डिक्री किया जाता है। राजीनामा, व नजरी नक्शा अनुसुची „क„ व वाद के संलग्न नजरी

सहायक कलक्टर
डीडवाना (नागौर)

Scanned by CamScanner